हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 अप्रैल 2024

04 चित्रकूट के भरत कूप सहित कई तीर्थों के ...



07 हमारा एक ही उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा प्राप्त करने...






## खबर संक्षेप

### कठपुतली नृत्य से दिया मतदान करने का संदेश

**विदिशा।** नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर कठपुतलियों के नृत्य नाटिका के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया। नगर के बड़जात्या स्कूल के पास, बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी तथा कच्छी धर्मशाला बरईपुरा क्षेत्र में कठपुतली के नृत्य-नाटिका की संगीतमय प्रस्तुति देकर मतदाताओं को जागरूक किया गया है। कठपुतलियों के नृत्य नाटिका संगीत में प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिकों बच्चों और बुजुर्गों की भीड़ उत्साहित नजर आई। आम नागरिकों के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु कठपुतली नृत्य नाटिका के आयोजन की सराहना भी की गई है।

### सत्येंद्र सिंह सिसौदिया ने नामांकन दाखिल किया



**विदिशा।** शिवसेना से सतेंद्र सिंह सिसौदिया ने विदिशा रायसेन लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 18 से सांसद पद के उम्मीदवार के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। सिसौदियों ने विधानसभा चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ा था।

### बार काउंसलिंग के वॉइस चेयरमैन ने रोपे पौधे



**ग्यारसपुर।** अभिभाषक संघ ग्यारसपुर में स्टेट बर काउंसिल आफ मप्र के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ग्यारसपुर पहुंचे। जिनके साथ शैलेंद्र सिंह ठाकुर, अभय सोनी भी मौजूद रहे। आर के सिंह जी सैनी ने मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। संघ की तरफ से विश्व सुंदरी शालभंजिका की प्रतिकृति उन्हे भेंट की। इस दौरान अधिवक्ता संघ ग्यारसपुर के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुशवाह, सचिव कुंदन सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष मुकेश सोनी व सह सचिव भूपेंद्र किरार व मलखान सिंह, राजीव कुमार जैन, बलराम सिंह लोधी, राहुल जैन मौजूद रहे।

### मेहंदी, रंगोली से वोटरों को जागरुक किया

**विदिशा।** स्वीप गतिविधि अंतर्गत आज विदिशा के ग्राम पठारी हवेली, कराखेड़ी, कागपुर, स्वरूप नगर, करारिया लश्करपुर समेत अन्य ग्राम पंचायतों में स्थानीय महिलाएं कार्यक्रम में सहभागी होकर रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्स आ लिया। महिलाओं द्वारा आकर्षक रंगोली सजाई गई रंगोली के माध्यम से उन्होंने मतदाता जागरूकता पर आधारित स्लोगन भी जमीन पर उकेरे।

## रामलला के भव्य स्वरूप की होगी महा आरती आज



शोभायात्रा के लिए निर्मित कराई गई थी अयोध्या के रामलला जैसी प्रतिमा।

**हरिभूमि न्यूज विदिशा।** रामनवमीं के अवसर पर आज रामजानकी और हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं आज कार्तिक चौक पर रामलला के स्वरूप की महाआरती का की जाएगी। आयोजनकर्ता विजय दीक्षित ने बताया की रामलला के अयोध्या के स्वरूप की महाआरती शाम 7:30 से होगी। उन्होंने शहर के गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### घरों में ऐसे करें पूजा

अपने घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। घर के मंदिर में देवी-देवताओं को स्नान कराने के बाद साफ स्वच्छ वस्त्र पहनाएं। भगवान राम की प्रतिमा या तस्वीर पर तुलसी का पत्ता और फूल अर्पित करें। भगवान को फल भी अर्पित करें। अगर व्रत कर सकते हैं, तो इस दिन व्रत भी रखें। अपनी इच्छानुसार भोग लगाएं। भगवान राम की आरती भी अवश्य करें। रामायण, श्री राम स्तुति और रामरक्षास्तोत्र पाठ भी कर सकते हैं। आप श्री राम जय राम जय जय राम या सिया राम जय राम जय जय राम का जप भी कर सकते हैं। राम नाम के जप में कोई विशेष नियम नहीं होता है, आप कहीं भी कभी भी राम नाम का जप कर सकते हैं।

**क्यों मनाते हैं रामनवमीं:** शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि भगवान विष्णु ने सातवे अवतार में भगवान राम के रूप में त्रेतायुग में जन्म लिया था। भगवान राम का जन्म रावण के अत्याचारों को खत्म करने एवं पृथ्वी से दुष्टों को खत्म कर नए धर्म स्थापना के लिए हुआ था। इसीलिये भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पर्व मनाया जाता है।

विदिशा के कण-कण में विराजित हैं राम, घर घर में सजेंगे दीप, मंदिरों में होगी मंगल आरती

# त्रेता युग में... श्रीराम के राज्य में दशार्ण जनपद की राजधानी थी विदिशा नगरी

### भक्तों को दर्शन देने त्रेता युग में विदिशा भी आए थे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खास खबर

पौराणिक मान्यता के अनुसार महर्षि बाल्मीकि जी विदिशा क्षेत्र के वनों में तपस्वियों के साथ तपस्या करते थे। आज भी करीला गांव में जगत जननी माता जानकी के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु होली रंग पंचमी के अवसर पर पहुंचते हैं। मंदिर पर ध्वजा लगाते हैं। भगवान श्रीरामचंद्र, लक्ष्मण जी के साथ विदिशा पदार्पण करके शत्रुधन जी के पुत्र शत्रुघाती, यूपकेतु (सुबाहु) का दशार्ण जनपद की राजधानी का राजा बनाकर राज्य अभिषेक भगवान रामचंद्र जी के कर कमलों से हुआ। अंदरकिला स्थित प्राचीन राममंदिर है। यहां भगवान श्रीराम की प्रतिमाएं हैं और वर्षों से श्रीराम की पूजा हो रही है। चरण तीर्थ पर भगवान रामचंद्र जी के चरण स्थित हैं। वैत्रवती तट स्थित त्रिवेणी तीर्थ पर राम लक्ष्मण मंदिर, पुरानी कलेक्ट्रेट के पास श्रीराम द्वारा (श्रीराम द्वार) में राम मंदिर, आज भी मकर संक्रांति के अवसर पर श्री रामचंद्र जी की झांकी का पदार्पण चरण तीर्थ पर होता है। जहां श्रद्धालु भक्तों द्वारा भगवान के चरणों का पूजन किया जाता है।

शनि मंदिर के सामने मंगलदास के टीला पर कनक भवन अयोध्या की श्रीराम जी एवं सीता की विराजमान झांकी की प्राण प्रतिष्ठा वरिष्ठ धर्माधिकारी पं. गोविन्द प्रसाद शास्त्री की प्रेरणा से महंत जी के द्वारा जयपुर से मूर्तियां मंगाकर मंदिर में स्थापना की गई हैं। रामलीला प्रांगण में श्रीराम जी मंदिर है, शनि मंदिर में पास प्राचीन राम चन्द्र जी का मंदिर है। सरजू दास जी के राम मंदिर एवं मंगल दास जी के कनक भवन श्रीराम मंदिर के मध्य आज भी जब हाथी यहां आते हैं तो यहां की रज को सूढ से उठाकर मस्तक पर गिराते हैं।

### बनवासी वेश में विराजित हैं भगवान राम, लक्ष्मण और सीता की प्रतिमाएं

वैत्रवती स्थित प्राचीन घाट का नाम राम घाट प्रसिद्ध है। नाना के बाग में वनवासी वेश में राम चंद्र, सीता एवं लक्ष्मण जी की प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। सांची रोड़ देवी के बाग के सामने रामचंद्र जी का मंदिर प्रतिष्ठित है। डंडापुरा स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर में भी प्रतिष्ठित मंदिर हैं वहीं बहरा बाबा घाट, बड़ी बजरिया, राम नगर चौराहे,किले अंदर किरी मोहल्ला में रघुनाथ जी का मंदिर, किले अंदर में बालाजी मंदिर में द्विशताब्दी प्राचीन राम मंदिर प्रतिष्ठित है। विदिशा के कण कण में श्री रामचंद्र जी विराजमान हैं।

### प्रतिदिन बेतवा पर होती है 'श्रीराम' के चरणों की पूजा

धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविंद प्रसाद शास्त्री ने बताया कि विदिशा भगवान रामचंद्र जी की नगरी है। वैत्रवती के चरण तीर्थ पर भगवान के चरण चिन्हों का आज भी नित्य पूजन होता है। इसीलिए इस घाट का नाम चरण तीर्थ धाम रखा गया है। भगवान रामचंद्र जी के विदिशा पदार्पण की स्मृति में त्रिवेणी तीर्थ पर भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी की प्राचीन प्रतिमाएं स्थापित हैं। यहां मंदिर प्रांगण में मोर, सर्प, बंदर, कुत्ता, बिल्ली, चूहा, तोता, कबूतर, चिड़िया अपना प्राकृतिक वैर भूलकर एक साथ दाना-पानी ग्रहण करते हैं। उदयगिरी स्थित शताब्दियों प्राचीन जटाशंकर मंदिर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण जी की वनवाशी वेश में सुंदर प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। भगवान रामचंद्र के विदिशा पदार्पण को चिरस्थाई बनाने के लिए आज से 124 वर्ष, पूर्व पूज्यपाद् धर्माधिकारी पं. विश्वनाथ शास्त्री ने अपने शिष्यों के साथ मिलकर रामलीला मेला का शुभारंभ किया था।

**समीक्षा बैठक:** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल मिशन के कार्यों की कलेक्टर ने ली जानकारी

# ठेकेदार बोले: रुपए जमा करने के बावजूद बिजली नहीं मिल रही, इसलिए योजनाएं बंद

गर्मियों की दस्तक के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। पीएचई विभाग नल जल योजनाएं दुरुस्त करने में लगा हुआ है। मंगलवार को कलेक्टर ने भी जल मिशन के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें ठेकेदारों ने कलेक्टर से कहा की पैसा जमा करने के बाद भी बिजली कंपनी बिजली उपलब्ध नहीं करा रही जिस कारण कई योजनाएं बंद पड़ी हैं।

### जिलेभर में 306 विभिन्न कारणों से बंद



**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर वैद्य।

### पीएचई का दावा

ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 11260 हेंड पंप स्थापित हैं। 10954 हैंडंप चालू हैं, 306 विभिन्न कारणों से बंद है। जिले में कुल 357 नलजल योजनाएं स्थापित हैं। जिसमें से 348 चालू होने का दावा किया गया है। जल मिशन के अंतर्गत 539 योजनाएं प्रगतिरत है। जल मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन कुल 256 योजनाएं पूर्ण हुई है जिसमें रेट्रोफिटिंग की 127 व नवीन 129 शामिल हैं जबकि 283 योजनाएं प्रगतिरत है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मंगलवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल मिशन के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित ठेकेदारों से कहा है कि ग्रामीणजनों को समय पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो यही ध्येय हम सबका होना चाहिए। छोटे-छोट कार्यो के कारण नल जल योजना के संचालन में अवरूद्ध नहीं होना चाहिए। कलेक्टर वैद्य ने विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारो से कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर नलजल योजना के कार्य समय पर पूरे हों। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान बिजली संबंधी दिक्कतों के समाधान के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कई ठेकेदारों ने राशि जमा कर दी है इसके बावजूद समय पर उन्हें बिजली की आपूर्ति नहीं की गई। जिससे नलजल योजनाओं के लाभ से ग्रामीणजन वंचित हैं। कलेक्टर वैद्य ने कहा कि जिले में कहीं पेयजल संकट न इस लिए नई-नई योजनाओं के लिए शासन द्वारा राशि दी जा रही है किन्तु समय पर हम कार्य पूरा नहीं करा पाने के कारण लागत में वृद्धि हो जाती है। इन सबके पीछे ठेकेदारों पर सतत निगरानी नहीं रखने तथा उनकी मूलभूत कार्यो से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं होना है।

### बैठक में कलेक्टर वैद्य ने अधिकारियों को दी हिदायत

कलेक्टर वैद्य ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए उन्हें आपसी समन्वय के स्त्रोत के रूप में कार्य करने की सीख दी है। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जब ठेकेदार द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए समुचित प्रपत्रों के साथ-साथ राशि ऑन लाइन जमा कर दी जाती है तो फिर राशि जमा कराने की सूचना से पुनः लिखित अवगत कराने की परम्परा क्यों है। इस व्यवस्था में सुधार किया जाए। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया कि ग्रामों की नलजल योजना के कार्य पूर्ण होने के बाद विशेष ग्राम सभा के माध्यम से विशेष ग्रामसभा में प्रस्ताव रखे जाएं और जल सुरक्षा समिति के अनुमोदन उपरांत ग्राम पंचायत को सुपुर्द की जाए। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 155 नल-जल योजनाएं विभागीय आंकडों के अनुसार पूर्ण हो चुकी हैं इन नलजल योजनाओं का ग्राम सभा के माध्यम से सत्यापन कराया गया है। जिसमें से मात्र 40 नलजल योजनाएं सुचारू रूप से संचालित होना पाए जाने पर ग्राम पंचायत द्वारा अधिपत्य में ली गई है। उन्होंने कहा कि सात जून के बाद नल जल योजनाओं के अधिपत्य हेतु विशेष ग्रामसभाओं का पुनः आयोजन किया जाएगा ताकि जल सुरक्षा समिति के समक्ष ससंपूर्ण विवरण रखा जा सकें।

# एक दिन में बढ़ा 5 डिग्री तापमान, 38 पर पहुंचा

### पिछले एक सप्ताह से मौसम में चल रहा उतार चढ़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- टर्फ लाइन के कारण अप्रैल में इतनी ज्यादा बारिश हुई।

सोमवार शाम हुई तेज बारिश के बाद मंगलवार को दिनभर मौसम साफ रहा। मंगलवार सुबह से ही तेज धूप निकल रही है, जिसके चलत तापमान में वृद्धि होने लगी है। तापमान 5 डिग्री बढ़कर 38 पर पहुंच गया है।

पिछले 9 दिनों से जिले में आंधी तूफान और बारिश का दौर चल रहा था। जिसके चलते तापमान में उतार चढ़ाव हो रहा है। बारिश के चलते जहां मौसम ठंडक हो गई थी तो वहीं गर्मी से राहत मिली थी। अब एक बार फिर से गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की मानें तो बंगाल की खाड़ी में प्रति चक्रवाती हवाएं चल रही थीं। विंड डिस्कंटीन्यूटी की यह स्थिति पहली बार बनी। सामान्य तौर पर ऐसा होता नहीं है। पिछले सप्ताह पारे में उतार-चढ़ाव के कारण गर्मी से राहत थी लेकिन अब तापमान में वृद्धि होने से तेज गर्मी का असर दिखने लगा है। मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से मौसमी बीमारी फैल रही है। सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है।

## आदतन अपराधी से परेशान ग्रामीण एसपी के पास पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद तहसील के ग्राम पट्टन के ग्रामीण एक आदतन अपराधी से परेशान हैं। मंगलवार को ग्रामीणों ने एसपी दीपक शुक्ला को ज्ञापन देकर कहा बताया की आदतन अपराधी पोप सिंह ग्रामीणों को बेवजह परेशान करता है। ग्रामीणों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की जाती है। इसलिए उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पोपसिंह एक आदतन अपराधी है। उसके ऊपर थाने में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं और पूर्व में उसे जिलाबदर भी किया गया था, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण वह ग्रामीणों को परेशान करता रहता है।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन की इकाई गठित, साहू अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




इंडियन डेंटल एसोसिएशन की विदिशा ब्रांच का गठन हुआ। इसका अध्यक्ष डॉ. रवि साहू, सेक्रेटरी डॉ. प्रिंस जैन, कोषाध्यक्ष डॉक्टर गौरव जैन को बनाया गया है। संस्थापन समारोह में इंदौर से आईडीए एचओ के वाइस प्रेसीडेंट डॉ. मनीष वर्मा, आईडीए एमपी स्टेट के प्रेसीडेंट डॉ. सुमित जैन, सेक्रेटरी डॉ. राजीव श्रीवास्तव, आईएमए स्टेट प्रेसीडेंट डॉ. एमके जैन मौजूद रहे। संचालन डॉ. प्रीति कौर ने किया।

वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज शक्ति निगम, डॉ. दिनेश जैन, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. विनय जैन ने संबोधित किया। इस दौरान आईएमए विदिशा ब्रांच के प्रेसीडेंट डॉ. राजीव जैन, सेक्रेटरी डॉ. राहुल जैन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विदिशा के समस्त डेंटल सर्जन ने शपथ ली। इसमें डॉ. जादोन, डॉ. दीप, डॉ. मोहित, डॉ. हर्ष, डॉ. सुनीता माथुरिया, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. ज्योति साहू, डॉ. मोनिका, डॉ. मयंक, डॉ. अभिषेक, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. अनिवेश, डॉ. पौराष शामिल रहे। डॉ. नीरज शक्ति निगम ने बताया कि दांतों एवं मुंह की बीमारियों के लिए हमारा एसोसिएशन निरन्तर निशुल्क कैंप एवं गुटखा तंबाकू निषेध करने की मुहिम एवं कैंसर अवेयरनेस कैंप भी लगाता रहेगा।

### सभी एसडीएम को इस मामले में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए

# बोरवेल खुले पाए गए तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी बोरवेल खुले हुए नहीं पाए जाएं, यदि खुले बोरवेल के कारण कोई घटना होती है तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर वैद्य ने सभी एसडीएम को इस मामले में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि खुले बोरवेल का सर्वे किया जाए। इस विषय को प्राथमिकता दें और आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जनपद सीईओ को भी निर्देश दिए हैं। प्रदेश के जिले में हॉल ही में हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने विदिशा जिले में कहीं भी खुले बोरवेल पाए जाते हैं तो उन्हें त्वरित कार्यवाही करते हुए ढंकने की कार्रवाई संपादित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिले में नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश बोरवेल खुले हुए पाए जाते हैं। उन बोरवेलों को ढंक कर रखा जाए। इसके अलावा खेत-खलियान क्षेत्र में भी बोरवेल खुले हुए छोड़ दिए जाते हैं। खुले बोरवेल के कारण कोई घटना न हो इसे ध्यान रखते हुए उन्होंने आम जनों से भी अपील की है कि आमजन भी खुले बोरवेल की सूचना जिला प्रशासन को दे सकते हैं। ताकि खुले हुए बोरवेलों को ढंकने की कार्यवाही की जा सके। आमजनों से ततसंबंध में अपील की गई है कि कहीं कोई खुला बोरवेल की जानकारी प्राप्त होती है तो अविलम्ब कंट्रोल रूम का नम्बर 7400507766 पर सूचित करें। ताकि शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

## भाजपा को टक्कर देने के लिए कांग्रेसियों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



लोकसभा चुनाव को लेकर विगत दिनों कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने कहा की कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता मजबूती से लड़ेगा। सब मिलकर भाजपा को विदिशा रायसेन लोकसभा से चुनाव हराएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी लोकसभा में घर-घर जाकर प्रचार कर रहा है। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल सिलाकारी, रणधीर सिंह, बसंत जैन, रविंद्र जैन, प्रकाश जोशी, प्रभुदयाल यादव, महेंद्र वर्मा, राममोहन सिन्हा, रहमान फारूखी, करतार सिंह , मजीद भाई, रतनसिंह यादव, पंकज जैन, आनंद प्रताप सिंह, बाबूलाल वर्मा, नंदकिशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने दी।

**प्रतापभानु शर्मा ने कहा** की कार्यकर्ताओं पर विश्वास है। हमारा कार्यकर्ता भाजपा की जन विरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाएगा और कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में भूमिका निभाएगा। पूर्व विधायक डॉक्टर सूर्यप्रकाश सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को प्रतापभानु शर्मा मानकर चुनाव लड़ेगा तो जीत निश्चित होगी।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-3990
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2220
उच्चतम भाव-2875
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2200
उच्चतम भाव- 2275
चना
न्यूनतम भाव- 5380
उच्चतम भाव- 6012
मसूर
न्यूनतम भाव-5380
उच्चतम भाव-6030
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4572
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5450
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5400
उड़द
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000
धान
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3050
अलसी
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4200
बटरी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6000
इमली
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-1500

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 43097 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

### उड़ीसा से आए प्रतिष्ठाचार्य, कलश यात्रा से महाप्रभु की प्रतिष्ठा प्रारंभ

# चित्रकूट के भरत कूप सहित कई तीर्थों के जल से मूर्तियों का हुआ महा स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर चल रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रतिष्ठित होने से पहले शिल्प दोष दूर करने सभी मूर्तियों का चित्रकूट के भरत कूप सहित अन्य तीर्थों के जल से आचार्यों ने वेद मंत्रों के बीच महा स्नान कराया गया। मंगलवार से महाप्रभु जगन्नाथ की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य भी कलश यात्रा के साथ उड़ीसा से आए प्रतिष्ठाचार्यों के मार्गदर्शन में प्रारंभ हो गया है।

71 कलशों के साथ महाप्रभु की कलश यात्रा में सम्मवेल घाट से वेत्रवती का जल भरकर श्रद्धालु महिलाएं महाप्रभु की यज्ञशाला तक पहुंची। जहां यज्ञशाला में कलश स्थापना की गई। महाप्रभु जगन्नाथ की प्रतिष्ठा के यजमान मनीष पाठक द्वारा पूजन संपन्न कराई गई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान मंगलवार को नौलखी पर सीताराम दरबार सहित अन्य देव





प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा से पहले सभी का यमुना,सरयू,समुद्र,बेतवा,नर्मदा और मघा नक्षत्र के जल के अलावा 27 वनस्पतियों के जल के साथ साथ गाय के सींग धोकर उसके जल, नारियल जल, सुगंधित इत्र, स्वर्ण स्नान, सहित सहस्त्र छिद्रों के जल से महंत राम मनोहर दास महाराज सहित अन्य यजमानों ने प्रतिष्ठाचार्य मथुरा प्रसाद, पंडित केशव शास्त्री मार्गदर्शन में महा स्नान संपन्न कराया। यज्ञ के मुख्य यजमान राकेश मरखेड़कर, सीताराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा नरेश गुप्ता, भवानी सिंह चंदेल बींझ, दशा अवतार विग्रह घनश्याम दास अग्रवाल, श्री हनुमान विग्रह अरविंद दुबे मनैशा, गरुड़ विग्रह किशन अग्रवाल हरी बाबू अग्रवाल, सुदर्शन चक्र राम भरोसे सोनी, भगवान जगन्नाथ ध्वज स्थापना नागेंद्र उपाध्याय साधना उपाध्याय, कलश स्थापना हेमराज कुशवाह, नवग्रह रमेश दुबे रामलीला सेवा संतोष उमरछा एवं श्री लक्ष्मीजी विग्रह प्रशांत दांगी मांगरोद द्वारा कराई जा रही है।

भगवान के छत्र आभूषण के लिए ध्रुव नारायण रघुवंशी बमुरिया, किन्नर गुरू मुन्ना नायक मामा, गौरव तिवारी, संतोष शर्मा, सोबरन शर्मा, मयंक अग्रवाल, सुरेंद्र प्रजापति द्वारा चांदी उपलब्ध कराई गई है। जबकि कथा यजमान भंडारे की सेवा के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व मंत्री वीरसिंह रघुवंशी, डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर, समाजसेवी कांति भाई शाह, राजेश माथुर, जागृति महिला मंडल, पंचायत सचिव संघ, रोजगार सहायक संघ, सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के अलावा मारवाड़ी परिवार के महेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल द्वारा कथा, यज्ञ, भंडारा, मेला स्थल पर चार स्थानों पर ठंडे पानी का प्लांट लगाया गया है। वहीं विहिप बजरंग दल द्वारा यज्ञ का दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भंडारा चलाया जा रहा है। इस महायज्ञ एवं अनुष्ठान में श्रमदान दल द्वारा भी सेवाएं दी जा रही हैं।

## एसजीएस में कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नाकोत्तर महाविद्यालय में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में स्वास्थ्य विभाग से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अफसाना मंसूरी एवं एचआईवी कंसलटेंट डॉ. सीमा रघुवंशी उपस्थित थीं। डॉ. अफसाना मंसूरी ने विद्यार्थियों को एनीमिया बीमारी की पहचान, कारण एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पर्सनल हाइजीन के महत्व एवं तरीके के बारे में बताया। इसके बाद डॉ. सीमा रघुवंशी ने एचआईवी एड्स के बारे में विद्यार्थियों को बताया एवं एड्स से रोकथाम के तरीके के बारे में चर्चा की एवं विद्यार्थियों को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में होने वाली निशुल्क जांच के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता, डॉ. सुमनलता गुप्ता, डॉ. बीके प्रजापति, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. विजय शाक्य सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## देहात थाना पुलिस ने अवैध सट्टा खिलाते आरोपी को पकड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में देहात थाना पुलिस द्वारा अवैध सट्टा खिलाते हुए एक आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की है। एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बूढ़ापुरा में अवैध रूप से सट्टा खिला रहा है। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर टीम बताएं स्थान पर पहुंची तो एक व्यक्ति पर्ची पर सट्टा के अंक लिखते मिला। जिससे नाम, पता पूछा तो अपना नाम मोहम्मद सिराज उम्र 45 साल निवासी बूढ़ापुरा बताया। जिसके कब्जे से सट्टा अंक पर्ची एक लीड पेन और 460 रुपए नगद जब्त कर उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 4 क सट्टा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में दिव्या पाराशर, अजय गर्ग, सुरजीत, प्रयाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विजन सेंटर पर मरीजों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु विज़न सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा ने 120 मरीज के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। साथ ही उनसे अनुरोध किया कि व प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं, ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, डॉ एके जैन ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष 51263से अधिक ऑपरेशन किए जा चुके हैं, जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी गणेशराम रघुवंशी, विजय अरोरा ने कहा कि आगामी दिनों मे ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का अयोजन किया जाऐगा। इस दौरान आनंद मिश्र सहित नागरिक गण उपस्थित थे। शिविर में 53 लोगों को दवाइयां का वितरण किया गया, वहीं 19 से अधिक मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए एवं 22 लोगों को चश्मा प्रदान किये गए। इस अवसर पर विनोद मराठा, रामकुमार शर्मा, राकेश सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में तथा सेवाभावी संस्था दमयंती धर्मकांटा सेवार्थ के सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का कैंप लगाया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय से पधारे हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ केंद्र संचालक डॉक्टर रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव द्वारा 56 मरीजों की ओपीडी की गई।

इसमें से 20 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 25 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गईं तथा



11 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने की सलाह दी गई। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, वरिष्ठ सदस्य हरि सिंह ठाकुर, समिति सचिव सुरेश तनवानी, समाजसेवी योगेश शाह सह सचिव विनीत अरोरा, राम गोपाल गुप्ता, रेलवे विभाग से हेमंत राय, प्रकाश माहेश्वरी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, दयाशंकर जायसवाल, नेतराम मिश्रा, नाटु भाई पटेल, मैनेजर रामबाबू दुबे, मैनेजर देवीलाल कुशवाह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### फूल मालाओं से किया स्वागत




**त्योंदा।** गत दिवस पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय चौहान पहली बार त्योंदा क्षेत्र में पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्तिकेय चौहान, क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का मंत्र बताते हुए कहा गया कि जितना हो सके उतना वोटिंग करवाई जाए। इस अवसर पर सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश राय ,गोलू श्रीवास्तव, रामवल कुर्मी एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सोनाबाई का निधन

**गंजबासौदा।** वार्ड क्रमांक 10 पार्षद मनोज अहिरवार, बलराम, मुकेश की माताजी एवं विकास, आकाश, लक्की, अंशुल की दादी सोनाबाई का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। सोनाबाई के निधन पर नागरिकों ने शोक व्यक्त कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी है।

### श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर शोभायात्रा का आयोजन आज

**गंजबासौदा।** चैत्र नवरात्र, ब्रह्मांड नायक राजाधिराज रघुकुल शिरोमणि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जन्मोत्सव महापर्व के पावन अवसर बुधवार को भव्य शोभायात्रा सायं 4 बजे रघुवंशी धर्मशाला से निकलेगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः रघुवंशी धर्मशाला स्थित श्री राम जानकी मंदिर में पहुंचेगी। जहां आरती, प्रसादी वितरण के पश्चात शोभायात्रा का समापन होगा। जिसमें सभी धर्मप्रेमियों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### गिलहरी धाम पर धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

**गंजबासौदा।** गिलहरी धाम के संस्थापक दीपक तिवारी ने बताया कि बर्रीघाट रोड स्थित गिलहरी धाम पर भगवान श्री राम की सुंदर प्रतिमा है। प्रति वर्ष



अनुसार इस वर्ष भीरामनवमी के पावन अवसर पर प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा दोपहर 12 बजे महा आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण होगा।

### सेमरी में जल पखवाड़े की शुरुआत, बच्चों को जल शपथ दिलाई

**गंजबासौदा।** मंगलवार से सेमरी में जल पखवाड़ा की शुरुआत की गई। पहले दिन बच्चों को जल शपथ दिलाई गई। इसके बाद पूरे 15 दिनों तक अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस ने सभी को आदेशित किया है कि स्कूलों में 16 से 30 अप्रैल तक शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर जल पखवाड़ा मनाया जाएगा। सेमरी में बच्चों को योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने जल



शपथ दिलाई एवं जल का महत्व समझाते हुऐ प्रसिद्ध कवि अब्दुल रहीम खानखाना का दोहा रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून सुनाकर जल का महत्व बताया। उन्होने कहा रहीम जी इस दोहे के द्वारा ये संदेश देना चाहते हैं कि इस संसार में सभी को अपना पानी बचा कर रखना चाहिए इसके बिना किसी का भी उबार नहीं हो सकता है। जैसे पानी चमक के बिना मोती का कोई मोल नहीं होता है, पानी जल के बिना चुना का भी कोई मोल नहीं होता है क्योंकि तब वह केवल एक पत्थर के समान होता है और कुछ नहीं, ठीक इसी प्रकार मनुष्य को भी अपना पानी लज्जा बचाकर रखना चाहिए इसके बिना मनुष्य का भी कोई मोल नहीं है। वास्तव मे जल ही जीवन है जल है तो हम है जल के बिना हम सब पूरी प्रकृति समाप्त हो जाऐगी। प्रधानाध्यापक प्रज्ञानंद जाटव ने सभी बच्चों को जितना जरूरत हो उतना पानी का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुऐ पानी की बर्बादी रोकने एवं फालतू खर्च न करने की बात कही। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह एवं मोनिका विजोले ने समझाया हम आप जब भी नल का इस्तेमाल करे पानी लेकर टोटी बंद कर दें। नल को खाली न छोडे पानी को हम लोग निर्माण नही कर सकते जो हमको ईश्वर ने प्रकृति ने दिया है बस उतना ही हमारे पास है। कहने को तो धरती पर 71 प्रतिशत पानी है लेकिन पीने योग्य केवल एक प्रतिशत ही है इसलिए पानी का इस्तेमाल सोच समझकर कम से कम करना चाहिए।

### दो दिन लगेगा एक्यूपंक्चर, कलर नम्बर थैरेपी शिविर

**गंजबासौदा।** नौलखी वेतबा घाट पर चल रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच आगामी 19 से 20 अप्रैल को दो दिवसीय निशुल्क शिविर आयोजित किया गया है। वैद्य निर्मल कुमार भृगु ने बताया कि शिविर में मुम्बई के प्रसिद्ध चिकित्सक पृथ्वी डाबर एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, कलर नम्बर थैरेपी रंग व अंक चिकित्सा पद्धति से अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। इस अवसर पर श्रीमहंत राममनोहर दास महाराज के सेवक एवं वृन्दावन से अधिकांश सेवा प्रदान करने वाले भक्त भी आ रहे हैं। इच्छुक जनअपना पंजीकरण कथा मंडप के पीछे आयुर्वेद सेवा केन्द्र नौलखी आश्रम वैत्रवती तट पर करा सकते हैं।

## बूथ कार्यकर्ताओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा दादजी प्लाजा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बूथ कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की। बैठक में युवा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान ने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विदिशा प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, योगेंद्र सोलंकी, चंद्रशेखर दुबे, रोहित भावसार, योगेन्द्र समैया, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, संजू यादव, विवेक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

### रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरुक

# एसजीएस में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता के मार्गदर्शन में किया गया। इस हेतु महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मास्टर ट्रेनर डॉ. धीरेन्द्र पटेल द्वारा मॉक पोल के संबंध में जानकारी दी गई। आपने ईवीएम कैसे काम करते हैं के बारे में आपने बताया। साथ ही प्रथम बार मतदान करने वाले विद्यार्थियों की मतदान से संबंधित प्रश्नों व जिज्ञासाओं का समाधान किया। छात्रो की मतदान से संबंधित जिज्ञासा को उन्होंने चर्चा के दौरान जाना। साथ ही महाविद्यालय के छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर मेकिंग कर स्लोगन भी लिखे गए। पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग में छात्रों द्वारा मतदाता जागरुकता हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए गए तथा स्लोगन लिखे गए।

महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा मतदान जागरूकता हेतु रैली का आयोजन भी किया गया। यह रैली काला बाग आरके पुरम बहलोट बाईपास से होती हुई वापिस महाविद्यालय पहुंची। रैली में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के नारे लगाए गए। जैसे सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो। चुनाव का पर्व देश का गर्व आदि नारे लगाए गए। इन समस्त स्वीप गतिविधियों में महाविद्यालय के ईएलसी क्लब के ब्रांड एंबेसडर कुमारी सृष्टि तिवारी व सचिन अहिरवार ने सक्रिय भागीदारी की।

### व्यापारी नहीं करेंगे दो दिन नीलामी, अवकाश की रखी मांग

**गंजबासौदा।** अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति सचिव को एक पत्र प्रेषित किया गया। जिसमें कहा गया है कि आगामी 20 अप्रैल और 23 अप्रैल को मण्डी में डाक नीलामी में व्यापारी भाग नहीं ले सकेंगे और कार्य बंद रहेगा। पत्र में बताया गया है कि शनिवार 20 अप्रैल को नौलखी मंदिर पर भगवान जगन्नाथ महाराज की प्राण प्रतिष्ठा एवं भण्डारा होने एवं 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण सभी व्यापारी मण्डी नीलामी में शामिल होने में असमर्थ रहेंगे। उक्त दिनांकों को मंडी की डाक नीलामी का अवकाश घोषित किया जाए।

## पतिव्रता स्त्री जहां चरण रख दे वह स्थान तीर्थ हो जाता है: प्रपन्नाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्त्री का जीवन एक धर्ममय सजगता दिखाता है। यदि स्त्री पतिव्रता हो जाए और जहां चरण रख दें वह तीर्थ बन जाता है। पतिव्रता स्त्री का एक ऐसा बल है जिससे यमराज भी घबरा गए थे। अपने पतिव्रत धर्म के बल पर ही वह पतिव्रता सावित्री यमराज से अपने पति के प्राण वापस ले आई थी। यह है पतिव्रत धर्म की ताकत। पतिव्रता स्त्री के दर्शन, गंगा दर्शन की तरह पवित्र हैं। जो स्त्री ज्ञानी होगी उसका पुत्र सर्वश्रेष्ठ होगा। बिना शक्ति हर कोई अशक्त होता है। शक्ति के बिना शक्तिमान भी अधूरे रहते है। शक्ति आराधना के इस पवित्र पर्व पर हमको नारायणी की उपासना अवश्य करना चाहिए क्योंकि नारी से नारायणी की यात्रा का पर्व ही नवरात्र है।

यह बात अयोध्या धाम से आए जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने नौलखी आश्रम पर विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही संगीतमय श्रीमद् बाल्मीकि रामायण के षटम दिवस में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। महाराज ने कहा कि आज देश में स्त्री सामानता की बात जोर-जोर से की जाती है जबकि हमारे यहां पुरातनकाल से स्त्रियों को सामानता दी गई है। हमारे वेदों ने तो यहां तक कहा कि जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहाँ देवताओं का वास होता है। नवरात्रि का व्रत नारी के लिए होता है और उसकी आराधना में पुरुष भी डूबे रहते हैं। विदाई के समय माता सुनयना ने अपनी चारों बेटियों को जो संस्कार दिए उन्हीं की बदौलत चारों बेटियों ने मिथिला के साथ-साथ अयोध्या को भी अपने संस्कारों से आलोकित किया। आजकल हम अपनी बेटियों को विदाई में कार देते हैं, संस्कारों की बात ही नहीं होती। भक्ति के माध्यम से भगवान से संबंध जोड़ना चाहिए मीरा ने शबरी ने नरसी ने और सुदामा ने भक्ति से ही भगवान से सीधा संबंध जोड़ा। जब हम संत को कुछ देते हैं तो वह कई गुना हमको वापिस मिलता है। राजा



दशरथ ने विश्वामित्र को राम और लक्ष्मण यज्ञ की रक्षा के लिए दिए उन्होंने चार बहुएं दीं। महात्मा और परमात्मा जब देते हैं तो संसार को पता ही नहीं पड़ता। रामायण में लक्ष्मण का चरित्र अर्पण, समर्पण और विसर्जन का चरित्र है। उन्होंने अपने जीवन को श्रीराम की सेवा में समर्पित कर दिया है। लक्ष्मण का जीवन धर्म के प्रति समर्पित है। देश के हर युवा के प्रतीक है लक्ष्मण। जिस देश में युवा का जीवन धर्म के लिये समर्पित हो जाये वह समाज व राष्ट्र धन्य हो जाता है। श्रीराम राष्ट्र के मंगल के लिये यात्रा करते हैं और लक्ष्मण उनके सहयोगी हैं। जिस देश के युवा राष्ट्र धर्म और सेवा धर्म के समर्पित होते हैं वही रामराज्य की स्थापना होती है। लक्ष्मण शब्द का अर्थ होता है जिसका मन लक्ष्य में लगा हो। जिस युवा का मन लक्ष्य से भटक जाता है वो कभी लक्ष्मण नहीं बन सकता। लक्ष्य विहीन युवा, समाज और राष्ट्र नष्ट हो जाता है। जीवन का जो लक्ष्य है उसके प्रति जीवन पूर्ण समर्पित होना चाहिए।

### हाई स्कूल पारधा के विद्यालय परिवार ने ग्राम में चलाया सम्पर्क अभियान

# हमारा एक ही उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह जाए: प्राचार्य राजपूत

## सरकारी स्कूल में बच्चो का एडमीशन कराने पालकों को किया प्रेरित, बच्चो को मिलने वाले सुविधाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




नवीन सत्र प्रारंभ होते ही हाई स्कूल पारधा में विद्यालय परिवार द्वारा प्रवेश संबंधी जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे सभी कक्षाओं में प्रवेश कराने और कोई भी बच्चा बिना प्रवेश के ना रहे। इसके लिए शिक्षकों ने घर घर पालको से सम्पर्क कर बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रवेश प्रारंभ का ग्राम में दीवार लेखन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य वेद प्रकाश सिंह राजपूत ने कहा कि शासन ने इस वर्ष हमारे विद्यालय में नर्सरी,केजी1 एंव केजी2 की क्लास चालू कर दी गई हैं। जिसमे पालकों व बच्चो को वो सारी व्यवस्था दी जाएगी। जो प्राइवेट स्कूलों में मोटी रकम फीस देकर भी नही मिल पाती। बिना बस्ते के बोझ के कंप्यूटर, झूले, खेल खिलौना स्मार्ट क्लास, योग्य टीचर द्वारा संचालित आधुनिक शिक्षा देना ही हमारा प्रयास है। इसके लिए हमारे विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकाओं ने छात्र-छात्राओं के घर-घर जाकर सम्पर्क किया। वही उन्होने कहा कि मेरा सपना प्यारा हो सरकारी स्कूलों सकूल अपना परदा हो,जिससे हम अपने तरीके से आपके बच्चो को शिक्षा दे सके। वरिश्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन व निर्देशो का पालन करते हुए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिससे की कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। अभी तो अभियान की शुरुआत है आने वाले दिनो में हाई स्कूल पारधा के अतंर्गत आने वाले प्रत्येक ग्रामो में विद्यालय परिवार घर घर जाकर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर सम्पर्क अभियान में मैजिक बस फाउंडेशन से वीर सिंह दांगी, संजीव, कुबेर लाल कुर्मी, वर्षा, रानी कुशवाह, पूजा कुशवाह, प्रवीण सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र कुशवाह,शिवराज, अनिल, आदित्य, कामिनी सुमन,कमलेश मेहलवंशी, रचना तिवारी, प्राथमिक शिक्षक श्याम सुंदर आदि ने अभियान में शामिल होकर अभियान को सफल बनाया।




### 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा अभियान

*सतत पालक छात्र-छात्रा संपर्क अभियान की शुरुआत शासकीय हाई स्कूल परदा में 15 अप्रैल से की गई थी जो कि 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। स्कूल प्राचार्य श्री राजपूत ने बताया कि इस अभियान को चलाने के मुख्य उदेस्य सभी को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ना है और शासन द्वारा संचालित योजना को लेकर घर घर जाकर संपर्क करना है। उन्होने कहा कि शासन का सपना है कि ग्रामीण क्षेत्र हो या फिर शहरी हो स्कूल में प्रवेश के कोई भी बच्चा ना रहे। इसी नवाचार को लेकर हमनें विद्यालय परिवार के साथ बैठक कर सुनिचित किया कि क्यों ना हम सभी मिलकर हमारे विद्यालय परिवार द्वारा जन कल्याण की योजना लेकर घर घर जाकर संपर्क करें। आज जो मोह भंग पालकों का सरकारी स्कूलों से हो चुका है। उसे फिर से प्राप्त कर आगे बढ़ते हुए कार्य करें। इसके लिए सबसे पहले मैंने अपने बच्चों को शिक्षा के लिए मेरा सरकारी विद्यालय चुना। साथ ही जब में ग्राम में पालको के सम्पर्क करने निकला तो पालक बंधु से संपर्क में नए नए अनुभव प्राप्त हुए। शासन द्वारा संचालित योजना जैसे फ्री साइकिल वितरण, एमडीएम वितरण,विभिन प्रकार की स्कॉलर शिप, लैपटॉप वितरण, स्कूटी वितरण, स्मार्ट क्लास,कम्प्यूटर शिक्षा की जानकारी लेकर हम सभी मिलकर घर घर जाकर सरकारी स्कूलों में प्रवेश के लिए बच्चो तैयार कर रहे हैं।*

### जाम में फंसे रहते हैं स्कूली बच्चे

# स्कूल के बाहर बड़े वाहनों के कारण घंटों लग रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

इन दिनों कृषि उपज मण्डी में अधिक आवक होने से नगर के नया बस स्टेण्ड पर चारो ओर किसानों की ट्रॉलियो का आना जाना लगा रहता है। वही बस स्टेण्ड के समीप निर्मला कॉन्वेट स्कूल होने से बच्चो की छुट्टी के समय स्कूल के बाहर घंटो जाम की स्थिति बनी रहती है। वही किसानो की ट्रॉलिया मण्डी में जाती है उसी समय स्कूल की छुट्टी होती है जिससे छोटे छोटे स्कूली बच्चो को घंटो भीषण गर्मी में जाम के फसें रहना पड़ता है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि यदि उक्त रोड पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई पुलिस कर्मी मौजूद रहें तो बच्चो को घंटो जाम की समस्या का सामना न करना पडें। प्रतिदिन लगने वाले जाम से स्कूलो बच्चो को स्कूल आने जाने में काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। साथ ही स्कूल आते जाते समय बडें वाहनो के आवागमन से कई बच्चे चोटिल हो रहें है।

### अस्थाई कार्यालय में एक झंडा और एक बैनर ही लगा सकेंगे उम्मीदवार

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर खोले जाने वाले अस्थाई कार्यालय में केवल एक झण्डा और 4 गुना 8 फीट के आकार का एक बैनर ही लगा सकेगा। अभ्यर्थियों को ऐसे अस्थाई कार्यालय खोलने के पहले विधिवत अनुमति भी प्राप्त करनी होगी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक अभ्यर्थियों को अस्थाई कार्यालय की अनुमति

# स्वीप गतिविधि: सास-बहू सम्मेलन और मेरा वोट-मेरा अधिकार के तहत की गतिविधियां




**सिरोंज।** मंगलवार को ग्राम पंचायत कर्राखेड़ी में महिला बाल विकास परियोजना के अंतर्गत स्वीप गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सास बहू सम्मेलन और मेरा वोट मेरा अधिकार डालने की गतिविधि की गई। जिसमें कार्यकर्ता रचना कर्मी,रेखा चौरसिया,ग्राम पंचायत सचिव, महिला बाल विकास की संबंधित सुपरवाइजर रितु शर्मा उपस्थित रही।

### श्री राम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में आज निकाली जाएगी शोभा यात्रा

सिरोंज। रामनवमी के अवसर पर आज दोपहर 1 बजें श्री राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में नगर के छत्री नाका चौराहा से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो कि नगर के मुख्य मार्ग कष्टम पथ, कठाली बाजार, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार, चादंनी चौक, सिनेमा चौराहा, कोट गेट, पुराना बस स्टेण्ड, हाजीपुर, बासौदा नाका, लिंक रोड होते हुए पुनः छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर पर शोभा यात्रा के समापन अवसर पर विशाल प्रसादी वितरण की जाएगी।

### आज दोपहर अभिजीत मुहूर्त में भय प्रकट कृपाला स्तुति के साथ होगा राम जन्मोत्सव

**रहली।** जन-जन के आराध्य भगवान श्री राम का जन्म उत्सव रामनवमी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य रूप से मनाया जाएगा। नगर के राम जानकी मंदिर में रामनवमी की आयोजन की तैयारी एक दिन पूर्व से ही शुरू हो गई हैं, नगर के विभिन्न मंदिरों में पूर्व संध्या पर सजावट की गई, मंदिर समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार नगर के हृदय स्थल बजरिया स्थित देवलिया मंदिर में रामनवमी पर भगवान श्री राम का जन्म उत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा वहीं नदी किनारे स्थित बालाजी मंदिर में भी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

# 85 से अधिक वर्ष के मतदाताओं को डाकमत पत्र द्वारा मतदान कराने घर-घर जाएंगे मतदान दल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में 85 से अधिक वर्ष की आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाकमत पत्र द्वारा घर से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के दमोह लोकसभा क्षेत्र के सागर जिले के विधानसभा क्षेत्र रहली, देवरी, बंडा के 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए 18 व 20 को मतदान दल घर-घर जायेगें। सागर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के ऐसे मतदाताओं से मतदान कराने प्रथम चरण में 30 अप्रैल को मतदान दल घर-घर जायेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान कराने विधानसभा क्षेत्रवार गठित मतदान दलों के रूट चार्ट तथा मतदान की समूची प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। घर से डाकमत पत्र से मतदान करने फार्म 12-डी में सहमति देने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान के कार्यक्रम की सूचना दी जा चुकी है और इस दौरान उनसे घर पर ही मौजूद रहने का आग्रह किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए गठित प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी एवं एक मतदान अधिकारी क्रमांक एक शामिल रहेगा। इसके अलावा प्रत्येक दल में एक माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षा कर्मी तथा वीडियोग्राफर को भी तैनात किया गया है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार भी मतदान दलों के साथ अपना मतदान अभिकर्ता नियुक्त कर सकेंगे। घर से मतदान कराने की इस समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी। घर से डाकमत पत्र से मतदान की सहमति देने वाले 85 वर्ष से अधिक की आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। यदि वे पहले चरण में मतदान दल के भ्रमण के दौरान किसी कारण से घर में उपलब्ध नहीं होंगे तो दूसरे चरण में एक मई को मतदान कराने एक बार फिर मतदान दल उनके घर पहुंचेगा। इसकी बकायदा घर में मौजूद परिवार के सदस्यों की सूचना दी जायेगी। दूसरे चरण में भी घर से अनुपस्थित रहने पर ऐसे मतदाताओं को मतदान की सुविधा नहीं दी जायेगी।

# विधायक के समक्ष सैकड़ों कांग्रेसी भाजपा में शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

हाटखेड़ा ग्राम के सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी के समक्ष अनुसूचित जाति के सदस्यों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

कार्तिक चौहान ने कांग्रेस से भाजपा में आए हुए सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा है कि आप सभी का भाजपा परिवार में स्वागत है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी योजना बनाकर सर्व समाज के लिए लाभ पहुंचाया है। दो दिन पूर्व तरफदार परिवार के स्वदीप रघुवंशी के द्वारा भी सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ शपथ ली थी उन्हीं के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# किसानों ने की परिवहन समस्या हल करने की मांग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदने अभी कुछ केन्द्र ही शुरू हुए हैं। अधिकांश उपार्जन केन्द्रों पर खरीद, तौल प्रारंभ नहीं हो सकी है। सहकारी संस्थाओं द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के लिए लाखों क्विंटल गेंहू की खरीद की जाती है।

गेंहू उपार्जन नीति नियमों की अनदेखी कर मनमाने ढंग से वेयर हाऊसों को केन्द्र बनाए जाने में मंघरधा सहकारी संस्था का केन्द्र छबारा में बनाए जाने से संस्था से जुड़े ग्रामों के किसानों में भारी असंतोष आक्रोश बना नजर आ रहा है। किसानों ने समस्या हल करने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

उपार्जन केन्द्र बनाने में सहकारी संस्था के निकटवर्ती खाली वेयर हाऊसों को केन्द्र बनाना है। अनेक ऐंसे वेयर हाऊस जिनमें माल रखा हुआ है उन्हे खरीदी केन्द्र बना दिया, अनेक वेयर हाऊस खाली होने के बाद भी खरीदी केन्द्र नही बनाए गए। उपार्जन केन्द्र बनाने मे मनमानी कार्यप्रणाली किसानों में असंतोष और व्यापक चर्चाओं का विषय बनी हुई है।

### गांवों से 25 किमी दूर बना दिए केन्द्र

सहकारी संस्था मंघरधा का उपार्जन केन्द्र छबारा में लगभग 25 किमी दूर बना दिया, जबकि मंघरधा संस्था के नजदीक ही वेयर हाऊस 27-28 खाली पड़े हुए हैं। मंघरधा, गुरारिया, पांजरा, उमरिया, भिलाडिया ग्रामों की छबारा खरीदी केन्द्र से दूरी 20 से 25 कि. मी. है। मंघरधा के निकटवर्ती खाली वेयर हाऊसों को खरीदी केन्द्र क्यों नही बनाया गया। वर्णित ग्रामों के किसानों को लंबी दूरी तक गेंहू का परिवहन करना खर्चीला होने के साथ परेशानियों भरा होगा। डीजल अन्य खर्चा का भार किसानों पर आने से किसानों में भारी असंतोष बना है। मंघरधा के निकट खाली वेयर हाऊस को केन्द्र बनाए जाने की मांग किसानों ने कलेक्टर से की है।

# ग्राम सिलवाह में देवी प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी यज्ञ का चल रहा आयोजन

### नवरात्रि में देवी उपासना से होती है सांसारिक सुखों की प्राति : ब्रह्मचारी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




तहसील के ग्राम सिलवाह में चैत्र नवरात्रि में देवी जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ शतचंडी यज्ञ और देवी भागवत कथा का धार्मिक आयोजन चल रहा है। श्री देवी भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पू. ब्रह्मचारी जी ने नवरात्रि एवं नवरात्रि में देवी जी की उपासना से सांसारिक सुख प्राप्त होने की विस्तार से चर्चा की। कथा के दौरान प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कथा श्रवण करते हुए ब्रह्मचारी महाराज से आशीर्वाद लिया।

### करें ईश्वर की आराधना

ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि संसार की उत्पत्ति का मूल कारण अहंकार है, समस्याओं का मूल कारण भी अहंकार है। जो शरीर प्राप्त हुआ है वह एक बाक्स के समान है, जिसे हम अपना मान लेते हैं। उसी के अधीन होकर सुख एवं दुख भोगते हैं। ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि इस भौतिक शरीर से ईश्वर की आराधना करें। कथा के दौरान ब्राह्मणों के कर्तव्य बताए, कहा कि क्षत्रिय कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है। कथा के दौरान ब्रह्मचारी जी ने कहा कि गौ-रक्षा सभी सनातनी धर्म कर्तव्य है। किसानों से खेतों की नरवाई में आग न लगाए जाने की प्रार्थना करते हुए कहा कि किसान नरवाई से भूसा बनबाएं, दान करें या अपनी मवेशी को खिलाएं। गौ-माता की महिमा के संबंध में बताया कि गाय के शरीर में सारे देवी-देवता निवास करते हैं। लक्ष्मी मैया और माँ गंगा भी गौ-माता में निवास करती हैं। पूजन-पालन सेवा करना अत्याधिक पुण्य का कार्य है।

# सेवा भारती ने किया 300 कन्याओं का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




नवरात्रि पर्व में देवी भक्तों द्वारा अपनी श्रद्धा भक्ति के अनुसार माता रानी की सप्तमी-अष्टमी पर विशेष पूजन-अर्चना की जाती है। पूजन कार्यक्रम में परिवारों के सभी सदस्य एक स्थान पर एकत्रित होते हैं। दुर्गा भक्तों द्वारा अपनी श्रद्धा अनुसार कन्या पूजन-कन्या भोज के भी आयोजन किए जाते हैं। रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर में कन्या पूजन, कन्या भोज का सामूहिक आयोजन सेवा भारती द्वारा किया गया।

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से खेरापति माता मंदिर, शक्तिधाम मंदिर, संकट मोचन मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर के साथ थाने के पास काली मंदिर में सुबह से जल चढ़ाने, पूजन-आरती में देवी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। देवी भक्त परिवरों द्वारा अपनी कुल परंपरा एवं श्रद्धानुसार सप्तमी, अष्टमी पर माँ दुर्गा की विशेष पूजन की जाती है। पूजन कार्यक्रम में परिवार के सभी सदस्य सम्मलित होते हैं, इसी के साथ मंदिरों में भी सप्तमी, अष्टमी को माँ की विशेष पूजन-आरती, प्रसाद, चुनरी चढ़ाने की परंपरा है। देवी भक्तों द्वारा अपने घरों में भी माता रानी की विशेष पूजा-अनुष्ठान पाठ किए जाने का सिलसिला बना हुआ है।

समाज में समरसता का भाव उत्पन्न करने सेवा भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर के 40 परिवारों के महिला-पुरूष सदस्यों द्वारा देवी रूप में सज-धज कर आई &00 से अधिक कन्याओं के पांव पखारने, महावर लगाने के साथ पूजन और ढोल बाजों के साथ पुष्पवर्षा कर महा आरती की गई। कन्याओं को भाजन करवाकर दक्षिणा भी दी गई। कन्याओं द्वारा गरबा, नृत्य, देवी गीत, जस गाकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कार्यक्रम में धनराज सिंह ठाकुर, मनमोहन शर्मा, नेतसिंह ठाकुर, अमन सिंघई, साहब सिंह धाकड़, शशि योगेन्द्र तिवारी, रक्षा दुबे, कमल पुरोहित, चन्द्रभान कुशवाहा, दिनेश राजौरिया, हीरेन्द्र मालवीय, बीएस किरार, राजकुमार ठाकुर, अबध नारायण सक्सेना, किशोर सिंह ठाकुर, दिलीप राठौर इत्यादि की उपस्थिति रही।

# आज श्रीराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रतिवर्ष की भांति श्रीराम नवमीं के पावन पर्व पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है। श्रीराम दरबार मंदिर राम लीला मैदान से 17 अप्रेल को श्रीराम जन्मोत्सव का चल समारोह प्रारंभ होगा।

रघवंशी समाज संगठन, हिउस के साथ नगर के अन्य धार्मिक संगठनों, मंदिर समितियों के सक्रिय सहयोग से इस बार भव्य विशाल शौभायात्रा निकाले जाने की तैयारियां है। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण बाद रामलीला मैदान में समापन होगा। रघुवंशी समाज संगठन के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रघुवंशी, कार्यवाह अध्यक्ष शशी भूषण रघुवंशी, हिउस के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, दुर्गा धाकड़ अन्य पदाधिकारियों के साथ शक्तिधाम मंदिर समिति, संकट मोचन मंदिर समिति, बजरंग दल, विहिप, खेरापति माता मंदिर समिति, हनुमानगढ़ी मंदिर समिति, नरसिंह टेकरी मंदिर समिति, मानस मण्डल महिला मण्डल की सक्रिय भूमिका रहेगी। शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

### बिजली पेंशनरों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**सागर।** बिजली पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक में उपस्थित लगभग 37 वरिष्ठ नागरिक पेंशनरों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और रियायती दरों पर जरूरी आयुर्वेदिक औषधियां प्रदाय की गईं । मकरोनिया रोड स्थित शंकर पैलेस में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में नेहानगर, सागर के शांति रत्नम आयुष इंस्टीट्यूट के सौजन्य से आयुर्वेदिक चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की 7 सदस्यीय ने ब्लड प्रैशर, डायबिटीज, ऑक्सीजन स्तर, बीएमआई आदि स्वास्थ्य मानकों की जांच की, परामर्श दिया और रियायती दरों पर आयुर्वेदिक औषधियां भी उपलब्ध कराईं । आयुर्वेदिक जीवन शैली और उपचार पद्धतियों पर संवाद स्थापित किया। वरिष्ठ नागरिकों को आगे भी रियायती दरों पर पंच कर्म और आयुर्वेदिक चिकित्सा आदि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया । एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी. अनिल कुमार पांडेय, और संरक्षक इंजी.सी. एल.स्वर्णकार ने आयोजन के लिए एस आर एआईआईएम एस के निदेशक डॉ.राजीव भारिल्ल और उनकी टीम का सम्मान कर आभार व्यक्त किया ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं पंकज सिंह राठौर निवासी पूरनपुरा विदिशा का निवासी हु मेरा नाबालिग पुत्र ईशान राठौर हैं मेरे पुत्र का नाम समस्त दस्तावेज मे ईशान राठौर है परन्तु इसकी कुंडली का नाम आर्य वीर सिंह राठौर है परन्तु उसे वर्तमान में ईशान राठौर के नाम से जाना जाता है जोकि उसके बचपन का नाम है वर्तमान में अब मेरे पुत्र ईशान राठौर को आर्य वीर सिंह राठौर जो कि कुंडली का नाम है, के नाम से जाना जावे। अतः मेरे पुत्र के नाम परिवर्तन बावत यह सूचना प्रकाशित की जा रही है।

### आरटीओ विभाग प्रतिदिन करता है चैकिंग, फिर भी नहीं होती कार्रवाई

# प्रतिबंध के बाद भी हाइवे से रोज निकल रहे भूसे से भरे 50 से अधिक ट्रक और ट्रॉलियां

◆ *रहवासियों ने की रायसेन कलेक्टर से कार्रवाई की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण रायसेन जिले के भोपाल विदिशा हाईवे पर ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि वाहन सड़क पर सरपट दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वही पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। हद तो तब हो जाती है जब भूसे से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली पर ही लोग बैठे हुए नजर आते हैं जो हादसों को दावत दे रहे हैं। इस दौरान अगर कोई व्यक्ति बिजली की हाईटेंशन लाइट की चपेट में आ जाए तो एक बड़ा हादसा हो सकता है। यह नजारा है बेरखेड़ी चौराहे का जहां से एक ओवरलोड भूसा से भरी ट्रैक्टर ट्राली निकलती हुई नजर आई। जिसके ऊपर लोग बैठे हुए थे जो अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार रायसेन जिले के भोपाल विदिशा हाईवे सलामतपुर थाने के बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज में रोजाना सैकडों ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां क्षमता से अधिक मात्रा में भूसा भरकर ले जाते हैं। जबकि जिले में कलेक्टर ने भूसा जिले से बाहर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद भी धड़ल्ले से भूसा का परिवहन जारी है। ओवरलोड वाहनों से हाईवे पर आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। लेकिन विभाग इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं।

#### आरटीओ विभाग करता है चैकिंग फिर भी वाहनों पर नहीं होती कार्रवाई

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में तेज रफ्तार ओवरलोड भूसे के ट्रक व ट्राली दौड़ रहे हैं। जिनका आरटीओ द्वारा कभी भी फिटनेस चेक नहीं किया जाता है। ये तेज़ रफ्तार वाहनों द्वारा राहगीरों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां गोर करने वाली बात यह है कि रायसेन आरटीओ प्रतिदिन सलामतपुर, दीवानगंज, त्रिमूर्ति चौराहा, सांची पर चेकिंग कर रहे हैं। लेकिन उनको ये ओवरलोड ट्रक और तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली नज़र नहीं आ रही हैं।

स्थानीय नागरिकों ने कहा है कि अगर शीघ्र ही इन ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करने के साथ ही इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर या जिग-ज़ैग नहीं रखे गए तो इस तरह की गंभीर दुर्घटनाएं होती रहेंगी।स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से भी मांग की है कि नगर से निकलने वाले तेज़ रफ्तार ओवरलोड भूसे के ट्रकों पर कार्रवाई नही की तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



**प्रतिदिन हाइवे से निकलते हैं भूसे से भरे हुए लगभग 50 ट्रक**

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दबाब रहता है। यहां से प्रतिदिन लगभग पचास ओवरलोड भूसे से भरे हुए ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली निकलती हैं जो भोपाल व इंदौर की और जाते हैं। यह ओवरलोड ट्रक अंधी रफ़्तार से चलते हैं। इसके साथ ही भोपाल से विदिशा चलने वाली बसें, डम्फर ईंट, ढोने बाली 407 , डीजल टेंकर अंधी रफ़्तार से चलते हैं। जिससे इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाए होती रहती हैं। और यातायात विभाग इन वाहनों से सिर्फ चौध वसूली कर अपनी डियूटी पूरी कर लेता है। शासन प्रशासन को शीघ्र इस और ध्यान देकर समस्या का समाधान करना चाहिए।*

#### ग्रामीण की जुबानी

इस संबंध में रातातलाई सलामतपुर के समाजसेवी अशोक त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर द्वारा रोक लगाने के बाद भी जिले में भूसे का परिवहन निरंतर हो रहा है। और रायसेन आरटीओ जानकारी होने के बाद भी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने से कतरा रहा है। जबकि रायसेन आरटीओ हाइवे 18 और एनएच 146 पर प्रतिदिन वाहन चैकिंग कर रहे हैं। फिर भी उनको भूसे के ओवरलोड ट्रक नज़र नही आ रहे हैं।

वहीं सलामतपुर के समाजसेवी बबलू पठान ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार शिकायत के माध्यम से जिम्मेदार अफसरों को इस समस्या से अवगत कराया है। लेकिन समस्या का समाधान संभव नही हो सका। और भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सलामतपुर से दिन रात निकल रहे भूसे के ट्रकों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

#### जिले में पशु चारा-भूसा का निर्यात पर लगा हुआ है प्रतिबंध

जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा-भूसा की आपूर्ति बनाए रखने हेतु रायसेन कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले से अन्य राज्यों में पशु चारे-भूसा का निर्यात प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, भूसा, घास, कड़वी ज्वार के डंठल, पैरा धान के डंठल आदि का जिले से अन्य राज्यों में निर्यात, उद्योगों एवं ईट के भट्टे में जलाने को मप्र चारा निर्यात नियंत्रण आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से 30 जून 2024 तक प्रतिबंधित किया गया है। इस दौरान कोई भी कृषक, व्यापारी, निर्यातक व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशु चारा एवं भूसा का परिवहन किसी वाहन, नाव, मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा रायसेन से राज्य के बाहर कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा पत्र के बिना निर्यात नहीं करेगा। ऐसे आदेश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। उसके बाद भी भूसे का धड़ल्ले से परिवहन हो रहा है।

#### इनका कहना है।

तेज़ रफ्तार व ओवरलोड भूसे के ट्रकों पर कार्रवाई होना आवश्यक है। सलामतपुर रोड से ये ओवरलोड ट्रक अंधी रफ्तार से निकलते हैं। जिसकी वजह से क्षेत्र में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और इसके साथ ही इनके परमिट निरस्त किए जाएं।

**- रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच ग्राम पंचायत रातातलाई।

## अज्ञात कारणों से लगी घर में आग, सामान जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेमरा के गांव बनखेड़ी में सोमवार को अज्ञात कारणों महाराज सिंह लोधी के घर में आग लग गई, जिससे घर में रखा समान पूरी तरह से जल गया। आग जब लगी तब महाराज सिंह के 3 बच्चे और पत्नी घर पर ही थे उन्होंने बामुश्किल भाग कर अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार महाराज सिंह लोधी बनखेड़ी में रहकर अपने बाल बच्चों को हरवाई कर पाल पोस रहा है। जब आग लगी महाराज सिंह काम करने गया था जब जाकर देखा तो पूरा घर जलकर खाक हो चुका था घर में रखा खाने-पीने, ओडने, बिछाने सहित घर में रखे पैसे भी जल चुके थे। महाराज सिंह ने प्रशासन से गुहार लगाइए कि मेरा जोभी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जाए जिससे मैं अपने बाल बच्चों को पाल पहुंच सकूं। महाराज सिंह को 1 महीने काम करने के 5 हजार रुपए मिलते हैं। वह लाकर घर में ही रखें थे जो अब जल चुके हैं। 1 महीने तक बाल बच्चे को में क्या खिलाऊंगा मुझे अब 1 महीने तक परेशानी उठाना पड़ेगी।

## आंधी तूफान में गिरा नीम का पेड़, बाल-बाल बचे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

विगत कई दिनों से जिले में मौसम बिगड़ा हुआ है जिसके चलते आंधी तूफान के साथ बारिश हो रही है। ऐसा ही कई जगह आंधी तूफान से बिजली के खंबे और पेड़ धराशाई हो गए हैं।

कुछ ऐसा ही मामला देखने को मिल थाना क्षेत्र अंतर्गत के एक गांव में जहां आंधी तूफान के साथ हुई बारिश में एक नीम का पेड़ नीचे से टूटकर एक घर के बाहर गिर गया। वो तो गनीमत रही की नीम के पेड़ ही के पास खेल रहे बच्चे बाल बाल बच गए। एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई।

जानकारी के मुताबिक जयराम विश्वकर्मा के घर के पास एक नीम का पेड़ था जो आंधी तूफान में नीचे से टूटकर गिर गया।

वहीं जयराम विश्वकर्मा ने बताया कि उनके बच्चे बाहर ही खेल रहे थे। वह तो गनीमत रही की पेड़ दूसरी तरफ गिर गया। नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## सोमवार शाम हुई तेज हवाओं के साथ बारिश, कई जगह पेड़ धराशाई, तो कई लोगों की चादर उड़ी

**दीवानगंज।** दीवानगंज क्षेत्र में 10 दिनों से लगातार मौसम खराब बना हुआ है दिनभर बादलों की धामा चौकड़ी रहती है और शाम होते ही तेज हवाओं के साथ बारिश प्रारंभ हो जाती है ऐसा होते हुए एक सप्ताह से ज्यादा समय हो गया है। सोमवार को दोपहर के बाद मौसम मैं अचानक बदलाव हुआ। सोमवार शाम 7 बजे तेज हवा और बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश होना प्रारंभ हो गई जो 1 घंटे तक चलती रही। हवा इतनी तेज थी कि कई लोगों के दुकान का सामान उड़ते हुए नजर आया। बारिश से कई जगहों पर पानी भर गया। तेज हवा के कारण कुछ जगहों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी बाधित हुआ। तो कई जगह ग्रामीणों के छत पर चढ़ी हुई लोहे की चादर उड़ गई।

भोपाल विदिशा हाईवे 18 बालमपुर घाटी के नीचे सोमवार रात 8 बजे तेज हवा के कारण एक बामूर का पेड़ बीच रोड पर गिर गया जिससे भोपाल विदिशा मार्ग पर लंबा जाम लग गया। रोड पर गिरे हुए बामूर के पेड़ को तब तक हटाया गया जब तक विदिशा तरफ और भोपाल तरफ 5 किलोमीटर का जाम लग चुका था। बड़ी मस्कत के बाद जेसीबी द्वारा बामुर को पेड़ को हटाने में 2 घंटे लग गए तब जाकर भोपाल विदिशा मार्ग सुचारू रूप से चालू हो पाया। वही दीवानगंज में तेज हवा का दौरा 1 घंटे तक चला रहा जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। हवा के कारण कई लोगों के छत पर चढ़ी हुई लोहे की चादर उड़कर अन्य के मकान पर जाकर गिरी। गनीमत रही की लोहे की चादर रोड पर चलने वाले किसी व्यक्ति के ऊपर नहीं गिरी नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## ग्राम पंचायतों में जिम्मेदारों की मिलीभगत से हो रहा भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम पंचायतों में फैल रहा भ्रष्टचार खुद मुंह खोलकर बाखान कर रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की नजर इस पर पढ़ने का नाम ही नहीं ले रही है। जहां सरकार ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं वहीं सरपंच-सचिव मिलकर पब्लिक के लाखों रुपयों का दुरुपयोग कर ग्राम पंचायतों को चूना लगा रहे हैं। ग्राम वासियों का तो यहां तक कहना है कि सरपंच सचिव कभी ग्राम सभा की मीटिंग नहीं करते खुद ही खाना पूर्ति करके प्रस्ताव पास कर लेते हैं।

लोगों के कहने पर जब पत्रकारों ने ग्रामपंचायतों का भ्रमण किया और ग्राम पंचायत में हो रहे निर्माण कार्यों के बारे में सचिवों से फोन पर बात करने की कोशिश की तो उन्होंने ने बड़े ही गैर जिम्मेदार तरीके से बात की जो कुछ देखना है देख लो हमारे सरपंच साहब से बातकर लीजिए कुछ पंचायतों का तो यह हाल है की निर्माण कार्यों के नाम पर लाखों रुपए निकाल लिए। लेकिन जिस जगह निर्माण होना था वहां पर एक ईंट भी नहीं लगाई गई। इसी प्रकार से विकासखंड सांची में आने वाली एक ग्राम पंचायत नीनोद के गांव करैया का भी यही हाल है, जहां सामुदायिक भवन के नाम पर 1250000 की राशि स्वीकृत की गई थी जिसमें करीब सात लाख रुपए की राशि पंचायत द्वारा निकाली ली गई है।

जहां निर्माण के नाम पर मात्र एक डंपर गिट्टी पड़ी हुई है यह राशि 3 महीने पहले ही निकाल ली गई है इस पर सचिव से बात की गई तो उसने गोल मटोल जबाब देकर बात को टाल दिया इस प्रकार के घोटालें एक ही पंचायत में नहीं कई पंचायतों में किए जा रहे कहीं सड़कों के नाम पर कहीं भवनों के नाम पर कहीं पुलियों के नाम पर लेकिन असलियत कुछ और ही बाखन कर रही है और यह सब ऊपर बैठे जिम्मेदारों की मिली भगत से किया जा रहा है।



#### जांच कराई जाएगी

आपके माध्यम से जानकारी मिली है उपयंत्री को भेज कर पूरी जांच कराई जाएगी। निर्माण कार्य बिना राशि निकालना नियम के वरुद्ध है।

**- बंदू सूर्यवंशी,** जनपद सीईओ सांची

## 19 वर्ष यादगार सफरनामा पूर्विया राजपूत समाज का सामूहिक विवाह कल, साक्षी बनेगा हिंगलाजगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

पूर्विया राजपूत समाज का सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन का उद्देश्य समाज में छोटे-बड़े के बीच बढ़ रही दूरी को खत्म कर एक दूसरे के प्रति समर्पण और सामूहिक आयोजन की भागीदारी का लक्ष्य लेकर पूर्वियां राजपूत समाज आदर्श सामूहिक विवाह करने का 19 वर्ष पूर्व लिया गया निर्णय आज बट वृक्ष के रूप में समाज में चेतना का ब्रह्मास्त्र बन गया है।

इस आयोजन के पीछे जो उद्देश्य बनाए गए थे सबका साथ सबका विश्वास छोटी और बड़ों के बीच दूरियों को दूर करना और सभी को एक मंच पर समाज उत्थान के इस महायज्ञ में सामूहिक आहुति देने का उद्देश्य आज सफल होता दिख रहा है सम्मेलन की शुरुआती समय में आयोजनों को लक्ष्य लक्ष्य पाने के लिए संघर्ष किया उसके बेहतर परिणाम आज सामने आने लगे है। सामूहिक आयोजन में समिति सेवा संकल्प के साथ कार्य करने के निर्णय का आज असर भी जमीन पर दिख रहा है पूर्वियां राजपूत आदर्श सामूहिक विवाह समिति हिंगलाजगढ़ के नाम से संस्था संचालित हो रही है । आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम की की जानकारी हमारे प्रतिनिधि को देते हुए कार्यक्रम की घोषणा की है।

**18 को होगा सामूहिक विवाह का आयोजन**

*18 में चैत्र शुक्ल दशमी को विवाह जगत जननी मां हिंगलाज की कृपा से समाज बंधु अभिभूत है इस आयोजन में समाज में एक अलग ही उत्साह देखा जा रहा है सभी समाज बंधुओ ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है समिति आयोजन की सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर रही है । इस आयोजन में सभी प्रकार की व्यवस्थाओं एवं सामूहिक विवाह के लिए समाज का सहयोग एवं आयोजन में शामिल होने के लिए समाज बंधुओ को आमंत्रित किया जा रहा है इस आयोजन की सफलता के लिए सब का सहयोग का नारा दिया है।*

#### वर वधु को मिलेगा उपहार

पूर्विया राजपूत हिंगलाजगढ़ सेवा समिति द्वारा बेहतर माहौल में आयोजित प्रस्ताव में पंजीयन शुल्क वर पक्ष को 11000 वधू पक्ष को 10000 देकर विवाह पंजीयन करना होगा। इस हेतु समिति में सुविधा केंद्र की स्थापना की है आयोजन में बर्तन उपहार आभूषण के उपहार दिया जाएगा।

#### 19 वर्षों से हो रहा है आयोजन

सामूहिक आदर्श विभाग आज 19 वर्ष की सफलता के पीछे जो समाज के समिति स्थापना समय में बनाए गए उद्देश्य आज पूर्ण होते नजर आ रहे हैं समाज में फैली कृतियों को दूर करने का उद्देश्य सफल होता नजर आ रहा है छोटे बड़े के बीच भेदभाव सबको सम्मान देने की परिपाटी सफल होती नजर आ रही है।

## मंगलवार को 5 ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार तृतीय चरण में संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा के निर्वाचन हेतु 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही कलेक्ट्रेट कार्यालय रायसेन में न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक-2 में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

विदिशा संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन हेतु मंगलवार दिनांक 16 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे के समक्ष पांच अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। मंगलवार को सपाक्स पार्टी की अभ्यर्थी सीमा शर्मा, कॉंग्रेस पार्टी के आनंद प्रताप सिंह, जय प्रकाश जनता दल के कमलेश कुमार गौर, शिवसेना पार्टी के सत्येन्द्र सिंह सिसोदिया तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल जब्बार द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

## हज़रत सैयद पीर की दरगाह शरीफ पर होगा आयोजन

◆ *ऑल मुस्लिम इज्तिमाई शादी प्रोग्राम 27 अप्रैल को*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

आल मुस्लिम इज्तिमाई शादी प्रोग्राम हज़रत सैयद पीर गुलाम अली शाह की दरगाह बाड़ी कलां में चौथी बार आयोजित किया जा रहा है। ज्ञात रहे की गुलाम अली शाह की दरगाह पर जो भी लोग अरदास लगते हैं, उनकी अरदास को पीर गुलाम अली शाह मुराद को पूरी करते हैं।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शादी आयोजन के लिए समिति द्वारा आने वाले मेहमानों एवं विवाह में सम्मिलित सभी लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था और हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है। नगर बाड़ी में ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित होने वाले मुस्लिम शादी प्रोग्राम के लिए समाज बंधुओ में उत्साह दिखाई दे रहा है लगातार 4 वर्षों से लोगों का शादी प्रोग्राम के प्रति उत्साह बढ़ता लोगों का आकर्षित होना आयोजन समिति के लिए उत्साह वर्धन साबित हो रहा है। यह आयोजन के लिए वर एवं वधू एवं आने वाले मेहमानों के लिए सर्व सुविधा प्रदान की गई है। इस हेतु समिति का पंजीयन चल रहा है इस शादी प्रोग्राम में लगभग 40 से 50 जोड़े निकाह कबूल करेंगे काजी साहब द्वारा सामूहिक रूप से निकाह कराया जायेगा पंजीयन एवं निकाह शादी प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल रखी गई है ।

प्रदेश सचिव सलीम भाई मंसूरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शादी प्रोग्राम के नियम और शर्तें का पालन करना जरूरी है निकाह शादी प्रोग्राम अच्छे तरीके से आयोजित किए जाएंगे।

### अप्रैल-मई का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना

## लोगों को लू के प्रकोप से बचाव के लिए मौसम विभाग ने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय मौसम विभाग ने चल रहे मौसमी दृष्टिकोण को देखते हुए प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में अप्रैल-मई का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना व्यक्त की है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम विभाग ने लू के प्रभाव, लक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी है। गृह विभाग के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस संबंध में प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों और जिलों को आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देश जारी किये है।

सूर्य दाह, ताप के कारण शारीरिक ऐठन, अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव, ताप-दाह स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके लक्षणों में त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द, पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ, शरीर में ऐंठन और अत्यधिक पसीना आना, अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर गीला और ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज और बेहोशी हो सकती है। लू से बचाव संबंधित जन-जागृति कार्यक्रमों का आयोजन करें। लू संबंधित बीमारियों एवं खतरों से जन-सामान्य के बचाव के लिये स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही किये जा रहे कार्यों के संबंध में नियमित प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाये।



**इसके लिए सलाह**

*पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पहले तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें।जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।*

**लू से बचाव के लिये सावधानी अपनाने की दी गई सलाह**

*राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू से जन-सामान्य के बचाव के लिये समस्त जिला प्राधिकरणों तथा लू प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिये हैं।*

**बचाव के प्राथमिक उपचार**

*प्रभावित व्यक्ति को बार-बार नहलाए, यदि फफोले निकल आएं हों, तो स्टरलाइज, ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श तत्काल लें, प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाएं, ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं, यदि उल्टी आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं, प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडे एवं गीले कपडे से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल 108 वाहन को बुलाएं और प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएं।*